Seventeenth Loksabha

p>

Title: Need for construction of service road near Limbiya Village where construction work of 6 Lanes NH 45 is under going.

श्री हँसमुखभाई एस. पटेल (अहमदाबाद पूर्व): सभापति महोदय, धन्यवाद। मेरे संसदीय क्षेत्र अहमदाबाद ईस्ट में रोड ट्रांसपोर्ट एण्ड हाइवे मंत्रालय के माध्यम से अहमदाबाद-हिम्मतनगर एनएच-45 का छ: मार्गीय काम निर्माणाधीन है। इस हाइवे के किनारे पर लिंबड़िया नाम का एक बहुत बड़ी आबादी वाला गांव स्थित है।

महोदय, दिक्कत यह है कि इस गांव के पास हाइवे के पैरलल सर्विस रोड का प्रावधान नहीं किया गया है। सर्विस रोड न होने की वजह से गांव वालों को आने-जाने में बहुत दिक्कत होती है और अकस्मात् होने की भी बहुत बड़ी सम्भावना रहती है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि लिंबड़िया गांव के पास समांतर सर्विस रोड बनाने के लिए उचित आदेश करें।